भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †4032
सोमवार, 18 अगस्त, 2025/27 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि

**†4032. प्रो. सौगत रायः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान देश में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) की दर्ज संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कोविड-19 महामारी के बाद भारत के पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन महामारी-पूर्व स्तर से अधिक हो गया है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान एफटीए के लिए शीर्ष दस स्रोत बाजारों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है जिससे पर्यटन क्षेत्र में विदेशी मुद्रा अर्जन और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान हुआ है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन (आईटीए) का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| वर्ष | एफटीए (लाख में) | आईटीए (लाख में) |
|---|---|---|
| 2020 | 27.45 | 63.37 |
| 2021 | 15.27 | 70.10 |
| 2022 | 64.37 | 143.30 |
| 2023 | 95.21 | 188.99 |
| 2024 | 99.52 | 205.69 |

स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो

(घ): पिछले पाँच वर्षों के दौरान एफटीए के लिए शीर्ष 10 स्रोत बाजारों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) और (च): इसी अवधि के दौरान भारत में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय नीचे दी गई है:

| वर्ष | भारत में पर्यटन से प्राप्त विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| 2020 | 95,738 |
| 2021 | 63,978 |
| 2022 | 1,69,917 |
| 2023 | 2,66,045 |
| 2024 #2 | 2,93,033 |

**#2: संशोधित अनुमान**

वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन क्षेत्र का योगदान नीचे दिया गया है:

| वर्ष | जीडीपी में कुल हिस्सेदारी (% में) |
|---|---|
| 2020-21 | 1.50 |
| 2021-22 | 1.75 |
| 2022-23* | 5.09 |
| 2023-24 (अ) | 5.22 |

*: संशोधित अनुमान

(अ): अनंतिम अनुमान

स्रोत: राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (एनएएस) 2025 पर आधारित अनुमान

वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार का परिदृश्य नीचे दिया गया है:

| वर्ष | पर्यटन संबंधी रोजगार की कुल संख्या (मिलियन में) |
|---|---|
| 2020-21 | 68.07 |
| 2021-22 | 70.04 |
| 2022-23 | 76.17 |
| 2023-24 | 84.63 |

स्रोत: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित अनुमान

*******

**अनुबंध**

प्रो. सौगत राय द्वारा विदेशी पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के संबंध में दिनांक 18.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †4032 के भाग (घ) के उत्तर में **विवरण**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान शीर्ष 10 स्रोत देशों से विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए):**

| क्र.सं. | देश | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संयुक्त राज्य अमेरिका | 3,94,092 | 4,29,860 | 14,03,399 | 16,91,498 | 18,04,586 |
| 2 | बांग्लादेश | 5,49,273 | 2,40,554 | 12,77,557 | 21,19,826 | 17,50,165 |
| 3 | यूनाइटेड किंगडम | 2,91,874 | 1,64,143 | 6,41,051 | 9,20,591 | 10,22,587 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 86,758 | 33,864 | 3,76,898 | 4,56,167 | 5,18,205 |
| 5 | कनाडा | 1,22,868 | 80,437 | 2,89,259 | 3,85,938 | 4,76,273 |
| 6 | मलेशिया | 69,897 | 6,628 | 1,26,192 | 2,62,458 | 3,07,526 |
| 7 | श्रीलंका | 68,646 | 25,989 | 1,83,459 | 2,80,327 | 2,81,827 |
| 8 | जर्मनी | 72,558 | 33,772 | 1,41,425 | 2,23,575 | 2,56,348 |
| 9 | फ्रांस | 74,243 | 30,374 | 1,20,282 | 1,88,981 | 2,06,855 |
| 10 | सिंगापुर | 33,747 | 13,407 | 1,32,668 | 1,83,772 | 2,05,383 |
| **अन्य देश** | | 9,80,810 | 4,68,086 | 17,45,277 | 28,07,795 | 31,21,967 |
| **कुल एफटीए** | | **27,44,766** | **15,27,114** | **64,37,467** | **95,20,928** | **99,51,722** |

**स्रोत: आप्रवासन ब्यूरो**

*******